# अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है

**खास बातें**

- कोचिंग सेंटर के बाहर मारपीट कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार
- वायरल वीडियो के बाद कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई
- शहर में पैदल जुलूस निकालकर लगवाए नारे

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 25 जुलाई, स्वर्णकार कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर के बाहर छात्र के साथ मारपीट कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का शहर के प्रमुख मार्गों पर पैदल जुलूस निकाला. इस दौरान आरोपियों से अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है के नारे भी लगवाए गए. कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और आमजन में सुरक्षा का संदेश देना बताया गया.**



पुलिस के अनुसार 23 जुलाई 2026 को स्वर्णकार कॉलोनी स्थित कोचिंग सेंटर के बाहर कुछ युवकों ने एक छात्र के साथ मारपीट की थी. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 460/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई. आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया.



पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया.टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार आरोपियों में विकास लोधी (21) निवासी दुर्गा नगर तथा पृथ्वीराज राठौड़ (26) निवासी स्वर्णकार कॉलोनी शामिल हैं. पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है.पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर मारपीट, कानून-व्यवस्था भंग करने और दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.इस कार्रवाई में निरीक्षक आनंद राज, एएसआई मुकेश ठाकुर, आरक्षक जयदेव सिंह लोधी, आरक्षक अखिलेश राजावत, आरक्षक शिशुपाल सिंह दांगी, आरक्षक भूपेंद्र कुर्मी एवं आरक्षक राघवेंद्र सिकरवार की विशेष भूमिका रही.

## शोरूम के बाहर खड़े ट्रैक्टरों से स्पेयर पार्ट्स चोरी

- सीसीटीवी में कैद हुईं दो महिलाएं
- करीब 10 पुराने ट्रैक्टरों के कलपुर्जे गायब

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 25 जुलाई, बरेठ रोड स्थित ग्राम हथोड़ा मार्ग पर ट्रैक्टर शोरूमों के बाहर खड़े पुराने ट्रैक्टरों से अज्ञात महिलाओं द्वारा स्पेयर पार्ट्स और कलपुर्जे चोरी करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद शोरूम संचालकों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है.**

जानकारी के अनुसार महिंद्रा, सोनालिका सहित अन्य ट्रैक्टर शोरूमों के बाहर डीलरों द्वारा पुराने ट्रैक्टर खड़े किए जाते हैं. बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने करीब 10 ट्रैक्टरों से विभिन्न स्पेयर पार्ट्स और कलपुर्जे निकाल लिए. सुबह कर्मचारी शोरूम पहुंचे तो ट्रैक्टरों के पार्ट्स गायब मिले.घटना की सूचना मिलने पर शोरूम संचालकों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज में तड़के करीब 4 बजे दो युवतियां ट्रैक्टरों से कलपुर्जे निकालकर ले जाती हुई दिखाई दे रही हैं. फुटेज पुलिस को भी उपलब्ध करा दिया गया है.धर्मेंद्र मैकेनिक ने बताया कि यदि पुलिस तत्परता से जांच करे तो सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचा जा सकता है. उनका कहना है कि यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि चोरी किए गए कलपुर्जे कहां बेचे गए.

**पुलिस ने शुरू की जांच, संगठित गिरोह होने की आशंका**

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्ध महिलाओं की पहचान और उनके ठिकानों का पता लगाया जा रहा है. प्रारंभिक जांच में महिलाओं के एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव आज, अध्यक्ष और सचिव पद पर सीधा मुकाबला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** जिला औषधि विक्रेता संघ, विदिशा के अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए रविवार 26 जुलाई को शहनाई गार्डन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. जिलेभर के करीब 800 केमिस्ट अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें विदिशा, शमशाबाद, गंजबासौदा, कुरवाई, लटेरी, सिरोंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों के औषधि विक्रेता शामिल हैं.अध्यक्ष पद के लिए चंद्रकांत जैन और डॉ. कैलाश जैन के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि सचिव पद पर नवल किशोर शास्त्री और संजय सिकरवार आमने-सामने हैं.मतदान को सुचारु और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए शहनाई गार्डन परिसर में चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं. चुनाव अधिकारी नरेंद्र दिवाकर, प्रकाश चंद भंडारी, कृष्ण गोपाल गर्ग, घनश्याम बंसल और अजय तिवारी मतदान प्रक्रिया की निगरानी करेंगे.चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद भंडारी ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं. उन्होंने सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील की है.



## युवक कांग्रेस ने कोचिंग सेंटरों के बाहर छात्रों को बांटी मेलोडी टॉफी

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बयान के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन, छात्रों से किया संवाद**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के मेलोडी टॉफी से जुड़े बयान के विरोध में युवक कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को शहर के प्रमुख कोचिंग सेंटरों के बाहर अनोखा सांकेतिक प्रदर्शन किया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने छात्र-छात्राओं को मेलोडी टॉफी वितरित कर उनसे संवाद किया.**

पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष वैभव भारद्वाज और जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कि यह अभियान युवाओं और विद्यार्थियों के मुद्दों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए चलाया गया. युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुआज़ कामिल और विधानसभा अध्यक्ष सुमित पाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों और युवाओं के हितों की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी.कार्यक्रम में जतिन, रोहित, आयुष जैन, असलम पटेल, अभिषेक जैन, मोहित, आकाश पंथी सहित युवक कांग्रेस और जिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की साधारण सभा आज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के वर्ष 2026 के चुनाव की तैयारियों के तहत समिति की साधारण सभा की बैठक आज रविवार, 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे तारा देवी हॉल, अग्रवाल धर्मशाला, माधवगंज में आयोजित होगी.समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि बैठक में समिति के सभी आजीवन सदस्यों को आमंत्रित किया गया है. उन्होंने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है.बैठक में आगामी चुनाव की रूपरेखा, चुनाव प्रक्रिया, समिति की आय-व्यय विवरणी, आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे.

## छह साल बाद भी दो दिन में एक बार मिल रहा पानी

- सांची में 24 घंटे जलापूर्ति का सपना अधूरा
- 125 करोड़ की जल संवर्धन योजना समयसीमा बीतने के बाद भी अधूरी

**नवभारत न्यूज**

**सांची. विश्व प्रसिद्ध पर्यटन एवं ऐतिहासिक नगरी सांची में नागरिकों को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जलसंवर्धन योजना छह वर्ष बाद भी अधूरी है. लगभग ?125 करोड़ की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के बावजूद नगरवासियों को आज भी दो दिन में केवल एक बार ही पानी मिल रहा है.**



नगर की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2020 में इस योजना का शुभारंभ किया था. योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी को सौंपी गई, जबकि मेसर्स मल्टी अर्बन इंफ्रा सर्विसेस प्रा. लि., नागपुर को निर्माण एजेंसी बनाया गया. योजना का कार्य 23 सितंबर 2023 तक पूरा होना था, लेकिन निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका.योजना में लगातार हो रही देरी को लेकर नगर परिषद ने कई बार संबंधित कंपनी को नोटिस और पत्र जारी किए. जलसंकट के दौरान परिषद ने कंपनी के कार्यालय पर तालाबंदी तक की, लेकिन इसके बावजूद कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं आई.

गर्मी के दौरान नगर परिषद ने सीमित जल उपलब्धता के कारण दो दिन में एक बार जलापूर्ति शुरू की थी. बाद में कंपनी ने जल वितरण का संचालन अपने हाथ में लिया, लेकिन व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ. वर्तमान में भी नगरवासियों को सीमित समय के लिए दो दिन में एक बार ही पानी मिल रहा है.बारिश के मौसम में भी जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों में नाराजगी है. नागरिकों ने शासन-प्रशासन से योजना की नियमित निगरानी कर शीघ्र कार्य पूरा कराने और नगर को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है.

## वीरांगना फूलन देवी शहादत दिवस पर माझी समुदाय की जिला कार्यकारिणी का गठन



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर माझी समुदाय, जिला विदिशा द्वारा निषाद वाटिका, पांडव फिशरीज एवं हैचरी सेंटर, उदयपुर रोड पर जिला स्तरीय बैठक एवं जिला कार्यकारिणी गठन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. इंदर सिंह केवट ने किया. इसमें जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों से आए समाजबंधुओं, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया.कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण तथा वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय और वंचित समाज के अधिकारों के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी.बैठक में माझी समुदाय, जिला विदिशा की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया. विवेक रैकवार को जिला अध्यक्ष, मोहित केवट को जिला महामंत्री, कपिल केवट, देवेंद्र केवट एवं शिवम रैकवार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया. सोनू रैकवार को मीडिया प्रभारी तथा महेश केवट को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई. महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती रानी रैकवार को जिला अध्यक्ष, श्रीमती राजकुमारी रैकवार को महामंत्री, श्रीमती संगीता रैकवार को मीडिया प्रभारी तथा श्रीमती जयंती रैकवार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया.बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवाओं की भागीदारी, संगठन विस्तार, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता पर कार्य करने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम के अंत में समाजबंधुओं ने संगठन को मजबूत बनाकर सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया.

## देवशयनी एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ कलशारोहण, उमड़े हजारों श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** देवश्यनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को श्री खाटू श्याम मंदिर में मंदिर शिखर पर पुन: कलशारोहण का भव्य आयोजन किया गया. प्रात: 9-15 बजे पंडित संतोष शास्त्री ऋषि के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक विधि-विधान से कलशारोहण संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम को नया बागा धारण कराया गया तथा आकर्षक पुष्पों से दिव्य श्रृंगार किया गया. इसके बाद बाबा को सबामनी का भोग अर्पित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए.शाम 7 बजे एक कुंतल साबूदाना खिचड़ी का विशेष प्रसाद अर्पित किया गया. देवयानी



एकादशी के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की.श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं. पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्याम भक्तों में उत्साह देखने को मिला.

## एमपीसीएसटी भोपाल में एसएटीआई के छात्रों ने पूरी की एडवांस्ड इंस्ट्रूमेंटेशन इंटर्नशिप

- एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों पर मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. एसएटीआई के एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल में आयोजित दो सप्ताह की इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण की. एडवांस्ड इंस्ट्रुमेंटेशन टेक्नीक्स विषय पर आधारित यह प्रशिक्षण 13 से 24 जुलाई तक दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत आयोजित किया गया.**

इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को गुणवत्ता नियंत्रण (क्वालिटी कंट्रोल) एवं गुणवत्ता आश्वासन (क्वालिटी एश्योरेंस) की सैद्धांतिक जानकारी के साथ इन्फ्रा रेड स्पेक्ट्रोमीटर, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटॉमिक एब्जॉर्पशन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, फ्लेम फोटोमीटर और प्रोटीन एनालाइजर जैसे आधुनिक उपकरणों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में जल, वायु, मृदा, उर्वरक, दवाइयों, सीमेंट, पॉलिमर, रबर, दुग्ध एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच तथा मिलावट की पहचान संबंधी प्रयोग भी कराए गए.समापन समारोह में एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वासुदेव मूलचंदानी ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए. विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्लेसमेंट में सहायता मिलती है. संस्था सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर, संचालक डॉ. वाई.के. जैन सहित सभी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं.

## कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय में बीलिव प्रवेश शुरू, 31 जुलाई अंतिम तिथि

- विदिशा जिले का एकमात्र महाविद्यालय जहां संचालित है बीलिव पाठ्यक्रम, रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष जोर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस बीलिब पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है. महाविद्यालय की चेयरमैन श्रीमती रश्मि शरण ने बताया कि विदिशा जिले में यह एकमात्र महाविद्यालय है, जहां बीलिव पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है. इसके माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जा रही है.**



उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, डिजिटल लाइब्रेरी, अभिलेखागार तथा शासकीय एवं निजी संस्थानों में प्रशिक्षित लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है. ऐसे में यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहतर करियर का अवसर प्रदान करता है.प्रवेश प्रभारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीलिब में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है. उन्होंने स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की है. प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं.

## मिलावट के खिलाफ अभियान जारी, दूध-दही के नमूने जांच को भेजे

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में मिलावट विरोधी अभियान जारी है. खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण एम. श्रीवास्तव ने बताया कि गंजबासौदा के सिरोंज रोड स्थित दुग्ध शीत केंद्र से मिश्रित दूध तथा विदिशा के तिलक चौक स्थित श्री धी डेयरी एंड प्रोडक्ट्स से टोंड मिल्क, स्कीम मिल्क और दही के नमूने लिए गए. सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं. रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

**आयोजन** | **आदर्श महाविद्यालय की छह दिवसीय कार्यशाला का समापन, विशेषज्ञों ने प्रतियोगी परीक्षाओं और कॅरियर पर किया मार्गदर्शन**

## लक्ष्य स्पष्ट और तैयारी निरंतर हो तो प्रशासनिक सेवा में सफलता तय-अजय गोयल

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी कैसे बनें विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का समापन प्रेरणादायी वातावरण में हुआ. समापन सत्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवा, प्रतियोगी परीक्षाओं और बैंकिंग क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराया.**




मुख्य अतिथि सहायक संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल अजय गोयल ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, नियमित अध्ययन और सही रणनीति के साथ की गई तैयारी से प्रशासनिक सेवा में सफलता निश्चित है. उन्होंने एमपीपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित, रीजनिंग और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला.विशेष अतिथि एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा, चयन प्रक्रिया और विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी. वहीं भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक भगवान सिंह बघेल ने बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं और डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला.विद्यार्थियों ने साक्षात्कार की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण, डिजिटल बैंकिंग और एकाग्रता जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान दिया. कार्यक्रम का संचालन रुचि जैन ने तथा आभार संजय शर्मा ने व्यक्त किया. प्राचार्य डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, जिसे विद्यार्थियों ने करियर निर्माण के लिए उपयोगी बताया.




